हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026

04 प्रतिभा सीमित नहीं होती, जो युवा जिस क्षेत्र में दक्ष हो...



07 जिला अस्पताल में पूर्णता की ओर मरीजों के...





### नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर के निर्देश के बाद अमले ने जब्त किया जनरेटर

# आरओबी निर्माण के दौरान फूट रही पाइप लाइन, नपा ने रुकवाया काम

ले-आउट तय नहीं, कभी यहां खुदाई तो कभी वहां, हाउसिंग बोर्ड में 8 दिन से पानी सप्लाई ठप, सीवेज का गंदा पानी घरों में लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज के काम ने जनता का जीना मुहाल कर दिया है। ब्रिज कॉर्पोरेशन और निर्माण एजेंसी की मनमानी और बिना किसी ले-आउट के की जा रही खुदाई के कारण शहर की पेयजल और सीवेज लाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि शनिवार को नगर पालिका अमले ने मौके पर पहुंचकर निर्माण एजेंसी का जनरेटर जब्त कर काम रुकवा दिया।

ब्रिज कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए नगर पालिका के अधिकारियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी का ले-आउट ही फिक्स नहीं है। वे कभी एक जगह खुदाई शुरू कर देते हैं तो कभी दूसरी जगह। इस कारण पिछले दो महीनों में एक दर्जन से अधिक बार क्षेत्र की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसका सबसे बुरा असर वार्ड नंबर 9 और 21 में पड़ा है। हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पिछले 8 दिनों से नल नहीं खुले हैं। लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। फिलहाल नगर पालिका तीन टैंकरों के माध्यम से पानी की टंकी भरकर काम चला रही है।

## घरों में लौटा सीवेज का गंदा पानी

ब्रिज कॉर्पोरेशन की लापरवाही सिर्फ पानी रोकने तक सीमित नहीं है। खुदाई के दौरान सीवेज लाइनें भी फोड़ दी गई हैं। इसके चलते अवधपुरी, चाणक्यपुरी और ड्रीम सिटी जैसे इलाकों में सीवेज का गंदा पानी बैक मारकर लोगों के घरों के बाथरूम और टॉयलेट में लौटने लगा है।

इतना ही नहीं यह गंदा पानी जमीन के जलस्त्रोत (बोरिंग) में भी रिसने लगा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लोग बीमार पड़ने लगे हैं। पार्षद प्रतिनिधि कमलेश कुशवाह ने बताया कि पिछले दो महीने से लोग परेशान हैं, बार-बार पाइप लाइन टूटने से गंदा पानी पेयजल लाइन में मिलने का खतरा बढ़ गया है, जो इंदौर जैसी त्रासदी को न्योता दे सकता है।



सीहोर। आरओबी का निर्माण कर रहे एजेंसी का जनरेटर जब्त कर ले जाते हुए नपा का अमला।



## अधिकारियों को एक्शन लेने की जरुरत

ब्रिज कॉर्पोरेशन की इस लापरवाही ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हाउसिंग बोर्ड में चल रहे इतने बड़े निर्माण कार्य में समन्वय की कमी दिख रही है। अगर समय रहते पाइप लाइनों को सही तरीके से शिफ्ट नहीं किया गया और लीकेज बंद नहीं हुए तो पाइपों में जमा होने वाला कीचड़ और सीवेज का पानी किसी भी दिन महामारी का रूप ले सकता है।

### अब तक जमा नहीं कराए 85 लाख रुपए

नगर पालिका उपयंत्री विजय कोली ने बताया कि ब्रिज कॉर्पोरेशन ने एक साल पहले पाइप लाइन और सीवेज लाइन को शिफ्ट करने के लिए डिमांड मांगी थी। नगर पालिका ने करीब 85 लाख रुपये का एस्टीमेट बनाकर भेजा था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी कॉर्पोरेशन ने राशि जमा नहीं की। बिना राशि जमा किए और बिना अनुमति के खुदाई जारी रखी गई। बार-बार चेतावनी देने के बाद भी जब काम करने का तरीका नहीं बदला तो शनिवार को नगर पालिका की जल शाखा और अतिक्रमण शाखा की टीम मौके पर पहुंची। नपा अमले ने निर्माण एजेंसी का जनरेटर जब्त कर लिया है।

### ले-आउट फिक्स नहीं

ब्रिज कॉर्पोरेशन का ले-आउट फिक्स नहीं है, जिसके कारण हमारी पाइप लाइन बार-बार डैमेज हो रही है। उन्होंने 85 लाख रुपये की राशि भी जमा नहीं की है। चेतावनी के बाद भी सुधार न होने पर हमने जनरेटर जब्त कर काम रुकवा दिया है।

**विजय कोली,** उपयंत्री नगर पालिका सीहोर

**खबर संक्षेप**

### महिलाओं को दिया जा रहा टेराकोटा प्रशिक्षण



**सीहोर।** महिलाएं अब मिट्टी से अधिक पैसा बनाएंगी। माटीकला बोर्ड महिलाओं के सपने को साकार रूप से दे रहा है। स्वरोजगार करने के लिए तत्पर महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिट्टी के आयटम निर्माण, फिनिशिंग, गुणवत्ता नियंत्रण एवं बाजार तक आपूर्ति और प्रभावी मार्केटिंग सिखाई जा रही है। शहर के कुम्हार मोहल्ला क्षेत्र की महिलाओं को टेराकोटा शिल्प का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वरोजगार के लिए मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण शुरू किया गया है। फिलहाल प्रशिक्षण में 27 महिला लाभार्थियों को शामिल किया गया है। जिले में पंचायत सीईओ सर्जना यादव के सहयोग तथा सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडसट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रियान्वित किया जा रहा है। हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प के अतिरिक्त संचालक आकाश एवं हेडलूमहस्तशिल्प, सुश्री इराम नाज़ के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर हेमंत प्रजापति द्वारा बेरोजगार महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह पहल स्थानीय कारीगरों,विशेषकर महिलाओं के कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मास्टर ट्रेनर हेमंत प्रजापति ने बताया कि 45 दिनों के प्रशिक्षण में दीपिका,ललिता, विमला,टीना, सालोनी,संजना,प्रिंयका,पूजा आदि महिलाऐं शामिल हो रही है।

## सीजन का सबसे घना कोहरा विजिबिलिटी 25 फीट रही



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में शनिवार को इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया रहा। इसके कारण विजिबिलिटी काफी कम हो गई, जिससे सड़कों पर 25 फीट से आगे देखना भी मुश्किल हो गया। जिले का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही काफी कम रही। खेतों में ओस और कोहरा देखा गया। इस साल ठंड के सीजन में सीहोर जिले में इतना घना कोहरा पहले नहीं देखा गया था।

जानकारी के अनुसार, इस सीजन का सबसे न्यूनतम तापमान 17 दिसंबर को 3.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते पांच दिनों के तापमान पर गौर करें तो 31 दिसंबर को 7.5, 1 जनवरी को 6.5, 2 जनवरी को 7.0, 3 दिसंबर को 6.0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग ने बताया है कि आगामी दिनों में ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। वर्तमान में हवाओं की दिशा उत्तर से बनी हुई है, जिसके कारण ठंडी और बर्फीली हवाएं लगातार सीहोर में प्रवेश कर रही हैं। इससे न्यूनतम तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

### नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ी सीहोर से हुए रवाना

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाका स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में लगातार 15 दिनों तक अभ्यास कैंप में चयनीत 54 खिलाड़ी आगामी छह जनवरी तक महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ियों का जत्था सीहोर से रवाना किया गया। इस मौके पर कोच लखन ठाकुर, विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर और मनोज दीक्षित मामा आदि शामिल थे। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि महाराष्ट्र के वर्धा में होने वाली चार दिवसीय नेशनल कराटे प्रतियोगिता के लिए 54 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस चयन प्रक्रिया के लिए चयनित कराटे खिलाड़ियों ने लगातार 15 दिनों तक अभ्यास किया और इसके उपरांत कलर बेल्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था।

## राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले देश की प्रथम महिला शिक्षिका थी, उनकी जयंती पर शत-शत नमनः डॉ.अनीस खान



**सीहोर।** राष्ट्रामाता सावित्री बाई फुले भारतीय सामाजिक क्रांति की अग्रदूत एवं मिशाल थी। उनकी जयंती के अवसर पर स्थानीय संत शिरोमणि रविदास मंदिर डॉ. अम्बेडकर नगर वार्ड क्रं. 11 सीहोर में उनकी जयंती पर भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.अनीस खान थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्ष मनोहर मंगरोलिया द्वारा की गई। सर्वप्रथम क्षेत्रीय तत्कालीन पार्षद श्रीमती आरती नरेन्द्र खंगराले ने सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशेष अतिथि के रूप में जांगड़ा एकता समिति के जिलाध्यक्ष रामचरण दसलानिया थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.अनीस खान द्वारा फुलेजी की जयंती पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले भारत की प्रथम शिक्षक महिला थी। उन्होने सन 1848 में ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पुणे के भिड़ेवाड़ा में पहला बालिका विद्यालय शुरु किया और वह भारत की प्रथम महिला शिक्षिका बनी। इस राह में उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ा। कट्टरपंथी तथा रूढ़िवादी समाज का उन्हें कड़ा विरोध झेलना पड़ा। इन्हीं वर्गों द्वारा सावित्री बाई फुले पर कीचड़, गोबर व अन्य गंदी सामग्री उनके ऊपर फेकी गई, इसके बाद भी फुले ने निडर होकर अपना कार्य पुरा किया। उन्होने अपना पुरा जीवन महिला सशक्तिकरण तथा समाज में फैले विशमता छुआछूत शतिप्रथा बाल विवाह जैसी कुरुतियों के विरूद्ध लडऩे के लिये समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन कमलकिशोर जाटव द्वारा किया गया तथा अंत में आभार व्यक्त टीटू कचनेरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तत्कालीन पार्षद तथा दलित चिंतक नरेन्द्र खंगराले जाटव, शुभम कचनेरिया, पन्नालाल खंगराले, अवध नारायण मोबिया, दयाराम गवाटिया, जितेन्द्र कचनेरिया, मदन मंगरोलिया, सुरेश महोबिया, शिवनारायण यादव, रमेश जाटव, जयराम जाटव, मनोज फरेला, सन्नी जाटव, राहुल जाटव, कपिल पुरविया, महेश कुमार, हितेन्द्र आर्य, चरण सिंह खंगराले, दीपक सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्यता में अभियान गाइड लाइन किया दरकिनार, गैर सक्रिय सदस्यों को भी बना दिया गया पदाधिकारी !

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन और नियमों की दुहाई दी जाती है, लेकिन जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा ने इन दावों पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। 345 दिनों के लंबे इंतजार के बाद जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने अपनी 28 सदस्यीय टीम की घोषणा तो कर दी, लेकिन इसमें कुछ ऐसे चेहरे शामिल हैं जिन्होंने संगठन के 'सर्वोच्च प्राथमिकता' वाले सदस्यता अभियान में रुचि तक नहीं दिखाई थी।

भाजपा के संगठनात्मक पर्व सदस्यता अभियान 2024 की स्पष्ट गाइडलाइन थी कि जिला या मंडल कार्यकारिणी में केवल उन्हें ही जगह मिलेगी जो सक्रिय सदस्य होंगे। सक्रिय सदस्य बनने की अनिवार्य शर्त थी कि संबंधित कार्यकर्ता ने डिजिटल माध्यम से कम से कम 50 से 100 नए सदस्य बनाए हों। संगठन ने बार-बार दोहराया था कि पदाधिकारियों की नियुक्ति का मुख्य आधार उनका डिजिटल डैशबोर्ड और परफॉर्मेंस रिपोर्ट होगी।

**हकीकतः बिना सदस्य बनाए भी मिला पद :** हाल ही में घोषित कार्यकारिणी में कई ऐसे नाम सामने आए हैं, जिन्होंने सदस्यता अभियान के दौरान न तो क्षेत्र में पसीना बहाया और न ही निर्धारित संख्या में सदस्य बनाए। इसके बावजूद उन्हें उपाध्यक्षए मंत्री और सह कोषाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों से नवाजा गया है। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के बीच अब यह चर्चा आम है कि जब अंत में समन्वय और गुटबाजी के आधार पर ही पद बांटे जाने थे तो सदस्यता का कठिन लक्ष्य क्यों दिया गया था।

**क्षेत्रीय और गुटीय संतुलन में फंसी टीम :** राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कार्यकारिणी गठन में हुई एक साल की देरी की मुख्य वजह इछावर, बुधनी, आष्टा और सीहोर के बीच गुटीय तालमेल बिठाना था। जितेंद्र गौड़, तारा कटारिया और पंकज गुप्ता को महामंत्री बनाकर क्षेत्रीय संतुलन साधा गया। हालांकि महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद में इस बार सीहोर विधानसभा क्षेत्र को जगह नहीं दी गई है।

**कार्यकर्ताओं में बढ़ा असंतोष :** संगठन के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि जो कार्यकर्ता चिलचिलाती धूप में फोन लेकर घर-घर गए और सदस्य बनाए, वे आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। गैर सक्रिय सदस्यों को पदाधिकारी बनाए जाने से पार्टी के 'कैडर-बेस' सिस्टम पर सवाल उठ रहे हैं।

**उपाध्यक्ष और मंत्रियों में इन्हें जिम्मेदारी :** संगठन की मजबूती के लिए उपाध्यक्ष पद पर अतुल शर्मा, धारासिंह पटेल, कैलाश सुराणा, राजेंद्र राजपूत, प्रेमनारायण मीना, ओम पटेल, रुपेश राठौर और आनंद पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मंत्री पद के लिए लाल सिंह चौहान, राजेश पाल, गिरीश सोलंकी, बलवंत सिंह परमार, अलका चौहान, सविता जयसिंह ठाकुर, दिनेश मेवाड़ा और प्रीति सोनी के नामों पर मुहर लगी है।

### मीडिया और आईटी सेल पर भरोसा

आगामी चुनौतियों और डिजिटल युग को देखते हुए मीडिया विभाग की कमान प्रीतेश राठौर को सौंपी गई है उनके साथ पवन जैन सह मीडिया प्रभारी होंगे। वहीं आईटी विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अनुपम गौड़ को दी गई है।

### हां गाईड लाइन थी

सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी रहे धारासिंह पटेल ने बताया कि सदस्यता अभियान में यह गाइड लाइन तय थी कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं को जिला व मंडल की कार्यकारिणी में प्राथमिकता से स्थान दिया जाएगा।

### इन्हें मिली प्रबंधन की जबावदारी

संगठन के वित्तीय और प्रशासनिक प्रबंधन के लिए हेमलता विजेंद्र परमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि शिवम सोनी और अनिता ठाकरे सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। कार्यालय प्रबंधन के लिए आशिष पचौरी को कार्यालय मंत्री और उमेश शर्मा व गिरीजा कुशवाह को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है।

### गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए लोगों से व्यावहारिक उपाय साझा किए

# स्वस्थ समाज ही समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र का कर सकता है निर्माण : विधायक सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आरोग्य भारती के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार सुबह हॉगवाट्र्स इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा कि समाज का स्वस्थ व्यक्ति ही राष्ट्र को आर्थिक रूप से संपन्न समृद्ध शक्तिशाली बना सकता है। बीमार कमजोर आसक्त व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए हानिकारक सिद्ध होता है इसलिए जीवन का पहला सुख निरोगी काया बताया गया है। विधायक राय ने कहा कि आधुनिक युग में जब इंसान सुविधाओं के साथ-साथ अनेक बीमारियों का भी वारिस बनता जा रहा है, तब स्वस्थ जीवन की ओर लौटने का सही समय आ गया है तेज़ रफ्तार जीवन, तनाव, अनियमित खान-पान और निष्क्रिय दिनचर्या ने मनुष्य को अनेक असाध्य रोगों की ओर धकेल दिया। जीवन शैली में सुधार कर हम निरोगी काया का सकते हैं।

स्वस्थ जीवन शैली जागरूकता कार्यक्रम को इंदौर से पहुंचे मुख्य वक्ता एवं मार्गदर्शक लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश मंत्री ने संबोधित किया उन्होंने अपने गहन अनुभव और सरल शब्दों में बताया कि हमारी दैनिक आदतें ही हमारे स्वास्थ्य की असली नींव होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग, मोटापा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा किए । उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकता है, और जब समाज स्वस्थ होगा, तभी राष्ट्र भी समृद्ध बनेगा। कार्यक्रम में योग, ध्यान, संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, समय पर सोना-जागना, मोबाइल एवं तनाव से दूरी जैसी महत्वपूर्ण जीवनशैली आदतों पर विशेष चर्चा की गई । आयोजन के संयोजक डॉ. गगन नामदेव, जिला संयोजक आरोग्य भारती एवं गिरिराज मित्र मंडल के प्रदीप साबू सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## बुजुर्गों ने किए सलकनपुर माता के दर्शन



**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में निवासरत गोपी दादा ने बताया कि वह करीब 72 साल के है और सलकनपुर में प्रसिद्ध माता मंदिर अब पूरी तरह से भव्य रूप ले चुका है तब से दर्शन की बड़ी अभिलाषा थी। परिवार वाले कभी धाम लेकर नहीं गए। वृद्धाश्रम से हम लोगों को माता के मंदिर ले जाया गया। माता के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया।

ऐसे अनेक बुजुर्ग सीहोर और भोपाल में निवासरत है जिनको अब लगातार शहर के समाजसेवी अनिल राय के माध्यम से दर्शन का मौका मिल रहा रहा है। 2025 में उज्जैन महाकाल के दर्शन के बाद 2026 नव वर्ष के मौके पर अब सलकनपुर स्थित देवी धाम पर पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। कभी परिवार ने दर्शन कराने से मना कर दिया था, अब उन्हीं तीर्थ स्थलों पर आश्रम के लोग दर्शन के लिए खुशी-खुशी ले जाते हैं। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित दो दर्जन और भोपाल के अवधपुरी में निवासरत 18 बुजुर्गों को जिला मुख्यालय के समीपस्थ सलकनपुर में देवी दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्ति रस में डूबा रहा। इस मौके पर समाजसेवी अनिल राय और उनके पुत्र का सम्मान आश्रम के संचालक राहुल सिंह सहित अन्य ने किया।

इस मौके पर श्री राय ने कहाकि बुजुर्गों को इस यात्रा में देखकर हर्ष हुआ। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ताकि बुजुर्गों को समाज से जोड़ा जा सके।

वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को धार्मिक यात्रा कराना एक बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य है, जो उन्हें मानसिक शांति और खुशी देता है; कई संस्थाएं और व्यक्ति ऐसे तीर्थ-यात्राओं का आयोजन करते हैं, जहाँ उन्हें मंदिरों, गुरुद्वारों के दर्शन कराए जाते हैं, भजन-कीर्तन का मौका मिलता है, और उन्हें परिवार जैसा महसूस कराया जाता है, जिससे उनका जीवन संतोषपूर्ण बनता है

मंदिर पहुंचने पर आश्रम के बुजुर्गों को एसडीएम, तहसीलदार, सलकनपुर के पुलिस अधिकारी और मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से विशेष दर्शन का अवसर मिला। इस मौके पर यहां पर मौजूद मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने आश्रम से आए वृद्धजनों का सम्मान किया और कहाकि वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में आध्यात्मिक सुख और सामाजिक जुड़ाव लाना भी है।

## खबर संक्षेप



### 6,52,910 कीमत रु की 1072 लीटर मदिरा जब्त

ठकलेक्टर बालागुरू के. एवं एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन को रोकने और ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी क्रम में जिला पुलिस द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सतत कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस द्वारा माह दिसम्बर 2025 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए सघन चेकिंग की कार्यवाही की गई और आबकारी अधिनियम के तहत कुल 53 प्रकरण दर्ज किए गए। पुलिस द्वारा 6,52,910 रूपये कीमत की 1072 लीटर मदिरा भी जब्त की गई और 2 मोटरसाइकिल एवं 1 कार जब्त की गई।

### 738 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 02 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 512 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 226 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 96 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### कालोता समाज ने दिया एकजुटता का संदेश, नव नियुक्त जिला महामंत्री और उपाध्यक्षों को किया गया सम्मानित

# प्रतिभा सीमित नहीं होती, जो युवा जिस क्षेत्र में दक्ष हो, उसी में बनाएं अपनी पहचान : रवि मालवीय

कार्यक्रम की शुरुआत नव नियुक्त पदाधिकारियों के साफा-बंधन, शाल-श्रीफल भेंट एवं पुष्पमालाओं से स्वागत के साथ हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और युवा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

अखिल भारतीय क्षत्रिय कालोता समाज ने संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समर्पण का प्रभावी संदेश देते हुए शनिवार को नगर के सर्वमंगल गार्डन में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में संगठन के नव नियुक्त जिला महामंत्री एवं दो जिला उपाध्यक्षों का पारंपरिक सम्मान कर समाज की एकता, सहयोग और अनुशासन को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कार्यक्रम की शुरुआत नव नियुक्त पदाधिकारियों के साफा-बंधन, शाल-श्रीफल भेंट एवं पुष्पमालाओं से स्वागत के साथ हुई। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और युवा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाज और संगठन के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर देते हुए युवाओं को आगे बढ़ने का आह्वान किया। अपने संबोधन में रवि मालवीय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पद नहीं, बल्कि दायित्व सौंपा जाता है। पदाधिकारी और कार्यकर्ता ईमानदारी, निष्ठा और परिश्रम से संगठन के लिए दिन-रात समर्पित रहते हैं। उन्होंने कालोता समाज को "गंगा रूपी सागर" बताते हुए कहा कि यह समाज प्रतिभा और संस्कारों से समृद्ध है। युवाओं को शिक्षा, खेल, कला और विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होती जो युवा जिस क्षेत्र में दक्ष हों, वहीं अपनी पहचान बनाएं।

नव नियुक्त जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़ ने कहा कि उनके पीछे सबसे बड़ी ताकत कालोता समाज है। समाज के विश्वास और सहयोग ने ही उन्हें यह दायित्व निभाने का अवसर दिया है। उन्होंने समाज की विनम्रता, सज्जनता और उदारता की सराहना करते हुए कहा कि वे संगठन के साथ-साथ समाज के प्रति भी पूरी निष्ठा से समर्पित रहेंगे। नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष ओम पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वह समाज के सहयोग और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के नेतृत्व में मिले अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और संगठन व समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं, नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल ने कहा कि दो मीटर पगड़ी की जिम्मेदारी का महत्व उन्हें भली-भांति महसूस हो रहा है। पार्टी और समाज ने जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा संगठन की नीति-रीति के अनुरूप कार्य करेंगे।

समारोह ने समाज में नई ऊर्जा का संचार किया और यह स्पष्ट संदेश दिया कि सम्मान के साथ संकल्प और सेवा की भावना ही समाज व संगठन को आगे बढ़ाती है। कार्यक्रम के अंत में



गोपालपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पंवार ने समाज के सभी वरिष्ठों एवं युवाओं सहित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कमल पटेल (पूर्व सरपंच रीठवाड़), महेश पटेल घोघरा, भगवान पटेल तजपुरा, सुभाष पटेल सठिया, महेश पटेल चीच, देवी सिंह पटेल चीच, ओम पटेल (पार्षद भैरुंदा), रामभरोस पंवार (सरपंच बड़नगर), पंकज पंवार (मंडल अध्यक्ष गोपालपुर) सहित कालोता समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में कौशल से करियर तक की पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को मिल रहा स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**भैरूंदा।** स्थानीय शासकीय स्नातक महाविद्यालय भैरूंदा में विद्यार्थियों के कौशल विकास और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 30 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला जारी है। प्राचार्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का संचालन अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है, जिसमें महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।




कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उन्हें व्यावहारिक कौशल से जोड़ना है, ताकि वे भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें या स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न सत्रों में वर्तमान समय में कौशल विकास की आवश्यकता, बदलते करियर विकल्पों और रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. एस. मीणा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, डिजिटल साक्षरता और सॉफ्ट स्किल्स से भी लैस होना जरूरी है। इसी सोच के साथ यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है, ताकि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी भी समय की मांग के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, डिजिटल साक्षरता, संवाद कौशल के साथ-साथ शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने खुलकर अपनी जिज्ञासाएं रखीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी अक्षय पंवार, अर्थशास्त्र प्राध्यापक डॉ. देवशरण सिंह सहित महाविद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। प्रशिक्षण पर आधारित विशेष सेमिनार के समापन पर एनएसएस प्रभारी डॉ. सुजीता गौड़ ने आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

## नव वर्ष में आध्यात्मिक उल्लासः ग्राम नयापुरा में 6 से 10 तक संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा जारी

**भैरूंदा।** नव वर्ष 2026 के शुभारंभ के साथ ही ग्राम नयापुरा में आध्यात्मिक वातावरण सृजित होने जा रहा है। संत परंपरा के महान संत संत सिंगाजी महाराज की परचरी पुराण कथा का भव्य आयोजन 6 जनवरी से 10 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। इस पांच दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान में निमाड़, भुवाणा और मालवा क्षेत्र की गौरव मंडलेश्वर, सुविख्यात कथावाचिका दीदी चेतना भारती के मुखारविंद से परचरी पुराण का वाचन होगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा पंडाल तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में श्रद्धालुजन भक्ति भाव के साथ सम्मिलित होकर संत सिंगाजी महाराज के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे। आयोजन समिति के अनुसार यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों, आत्मबोध और निर्गुण भक्ति की चेतना को जाग्रत करने का संकल्प है। परचरी पुराण के माध्यम से संत सिंगाजी महाराज के अनुपम चरित्र, उनके त्याग, तप और निर्गुण वाणी का विस्तार से वर्णन किया जाएगा। कथा में यह संदेश प्रमुख रहेगा कि मायामय संसार में रहते हुए भी मन को ब्रह्म-स्मरण में कैसे स्थिर रखा जाए। संत सिंगाजी महाराज ने अपने भजनों और पदों में जिस निजबोध और आत्मज्ञान का मार्ग बताया है, वही इस कथा का केंद्र बिंदु रहेगा। आयोजकों ने बताया कि यह कथा परिवार, कुटुंब, ग्राम और राष्ट्र के कल्याणार्थ संकल्पित है। कथा की पूर्णाहुति 10 जनवरी 2026 को विधिविधान के साथ संपन्न होगी। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्र की जनता जनार्दन से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ज्ञानामृत का रसास्वादन करें और अपने जीवन को आध्यात्मिक दृष्टि से धन्य बनाएं।



### युवा कांग्रेस ने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया

**इछावर।** शुक्रवार को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में मंत्री कैलाश विजयवर्गी का पुतला दहन करने के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जमकर नारेबाजी करते हुए इस्तीफा की मांग की है जानकारी के अनुसार नगरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई 14 लोगों की मौत वही वही पत्रकार द्वारा जब सवाल पुछे गए तो उनसे बदतमीजी वह गलत शब्दों का उपयोग किया गया इस पर आज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर द्वारा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन करते हुए कैलाश विजयवर्गी मुर्दाबाद के नारे लगाने के साथी इस्तीफा देने की मांग की है वही जिला अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि अगर इस्तीफा नहीं दिया तो सीएम हाउस का कांग्रेस घेराव करेगी



## विधायक रमाकांत भार्गव से की मुलाकात



सीहोर। शनिवार को भोपाल पहुंच कर सहकारिता के आधार स्तंभ एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक आदरणीय रमाकांत भार्गव के निवास पर पहुंचकर उनसे जिला शह मीडिया प्रभारी पवन जैन को बनाया जाने पर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री सुरेंद्र राठौर, पूर्व सह कार्यालय मंत्री कैलाश कुशवाहा, पूर्व पार्षद दीपक राठौड़, पूर्व महामंत्री बंटी राठौर एवं छोटू भाई विवेक मेवाड़ा उपस्थित थे।

### 125 एनसीसी कैडेट्स व 20 पूर्व सैनिकों ने अभियान दल का स्वागत किया

# महाराष्ट्र निदेशालय पुणे-दिल्ली एनसीसी साइकिल अभियान का सीहोर में स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

महाराष्ट्र निदेशालय पुणे से दिल्ली तक आयोजित एनसीसी साइकिल अभियान का शुक्रवार को सीहोर में भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अभियान का नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गावली कर रहे हैं। अभियान दल में महाराष्ट्र के12 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे है आज देवास से सीहोर (आष्टा मार्ग) होते हुए लगभग 83 किमी की दूरी तय की।

अभियान को आष्टा तक 10 एमपी बटालियन एनसीसी, उज्जैन द्वारा एस्कॉर्ट किया गया, जबकि शुक्रवार को आष्टा से भोपाल तक 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल ने एस्कॉर्ट प्रदान किया। मार्ग में यातायात नियंत्रण, भोजन एवं विश्राम की समुचित व्यवस्थाएं की गई थीं।

सीहोर स्थित होटल श्री वल्लभ कृपा में आयोजित स्वागत समारोह में लेफ्टिनेंट कमांडर आयुष डोडानी, कमांडिंग ऑफिसर, 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल, उनके साथ एएनओ एवं पीआई स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर 125 एनसीसी कैडेट्स तथा 20 पूर्व सैनिकों ने अत्यंत जोश और उत्साह के साथ अभियान दल का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान अभियान दल द्वारा ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति एवं नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सीहोर के स्थानीय कथक/सांस्कृतिक नृत्य समूह द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अमरावती ग्रुप कमांडर एवं 1 एमपी नेवल यूनिट एनसीसी, भोपाल के बीच स्मृति चिन्हों का आदान-प्रदान हुआ। अभियान पदक लेफ्टिनेंट कमांडर आयुष डोडानी को प्रदान किया गया तथा उपस्थित वरिष्ठतम पूर्व सैनिक को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का स्थानीय मीडिया द्वारा कवरेज भी किया गया। कार्यक्रम का समापन हाई टी के साथ हुआ, जिसे अभियान दल द्वारा अत्यधिक सराहा गया। इसके उपरांत कुछ कैडेट्स को श्री चिंतामण गणेश मंदिर, सीहोर का भ्रमण कराया गया।

अभियान दल वर्तमान में सीहोर के एक सुव्यवस्थित होटल में ठहरा हुआ है, जहाँ स्वच्छता, भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था है। दल का शनिवार को सुबह 8:15 बजे भोपाल के लिए 1 एमपी नवल कमांडिंग ऑफिसर आयुष गुड मॉर्निंग सर डोड़नी द्वारा रैली को झंडी दिखाकर प्रारंभ की गई। इस इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शासकीय सुभाष स्कूल उमावि अधिकारी फर्स्ट ऑफिसर राजेश्वर तिवारी शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल के सेकंड अधिकारी अमित गांधी एक्सीलेंस स्कूल के दिनेश मेवाड़ा, सविता ठाकुर, 1 एमपी नवल यूनिट के भानु शर्मा संजय एवं पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष, हुकम सिंह रलयावना, पूर्व जिला सयोजक, संजय कुलकर्णी, जिला सयोजक हरिनारायण पूर्व जिला सयोजक अनिल कुमार वर्मा, राम गोपाल आर्य व बड़ी संख्या उपस्थित होकर साइकिल रैली का स्वागत किया पूर्व सैनिक आदि उपस्थित थे।

## श्रावक को छह आवश्यक कर्तव्य कार्य करना चाहिए मनुष्य गति पुण्योदय से प्राप्त होती है : आर्यिका आराधना माताजी

**सीहोर।** दिगम्बर जैन संत 108 आचार्य वैभव सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या 105 आर्यिका आराधना माताजी ससंघ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थित छावनी के संत भवन मे विराजमान है । आर्यिका माता जी के सानिध्य मे नव वर्ष के उपलक्ष्य मे विशेष धार्मिक अनुष्ठान प्रातः तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जी की प्रतिमा के अभिषेक, शांति धारा नित्य नियम पूजन अर्चना भक्तामर स्तोत्र महा मंडल विधान के 48 महा अर्घ समर्पित कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर श्रध्दालुओ ने धर्म लाभ अर्जित किया ।



तत्पश्चात धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए प्रवचन मे श्रावक के 6 मूल कर्तव्य कार्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया की चार गतियों में मनुष्य गति श्रेष्ठ है। उसमें भी आर्यक्षेत्र, उत्तम कुल, निरोगी शरीर, सत्पुरुषों का सत्संग बड़ी दुर्लभता से प्राप्त होता है। जीवन में मनुष्य अर्थात श्रावक हिंसा का पूर्णतः त्याग नहीं कर सकता, क्योंकि उसे जीवन निर्वाह करना, गृहस्थी चलाना, विवाह आदि अनेक कार्य करने पड़ते हैं। सांसारिक कार्य करते समय हिंसादि दोष लगते हैं। इसी से निरंतर पाप कर्म का संचय होता रहता है। इन दोषों का निराकरण करने के लिए तथा पुण्यबंध कर आत्मोन्नति के लिए श्रावकों को 6 आवश्यक क्रियाएँ कहीं हैं। आचार्यों ने इन क्रियाओं को न करने वाले को पशु समान कहा है इसलिए श्रावकों को 6 आवश्यक क्रिया को परम आवश्यक समझ कर नित्य-नियम से करना चाहिए। नियमित रूप से 6 आवश्यक क्रिया करने से व्यक्ति को वर्तमान भव में तथा भावी भव में शान्ति प्राप्त होती है।

## उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद एक वर्ष पहले आरंभ हुआ था निर्माण कार्य

# जिला अस्पताल में पूर्णता की ओर मरीजों के परिजनों के लिए रैन बसेरा

### पुलिस हाउसिंग ने निर्धारित अवधि में पूर्ण किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिला अस्पताल से अक्सर मरीजों व परिजनों के साथ बदसलूकी, प्रसूताओं को अनावश्यक रेफर किए जाने सहित अन्य लापरवाहियों के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। परन्तु इन्हीं के बीच एक अच्छी खबर यह भी है कि जिला अस्पताल परिसर में मरीजों के साथ आए परिजनों के रात्रि विश्राम हेतु बनवाया जा रहा रैन-बसेरे का निर्माण पूर्ण होने जा रहा है।

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्री राजेंद्र शुक्ल जब नवीन जिला अस्पताल के अवलोकन हेतु आए थे तब उन्होंने मरीजों के परिजनों के ठहरने की उक्त कमी को महसूस किया था। उन्होंने उसी समय जिम्मेदारों को निर्देशित किया था कि तुरन्त प्रॉपर प्रपोजल बनाकर जिला अस्तपाल परिसर में ही एक रैन-बसेरे का निर्माण आरंभ करवाया जाए। उनके निर्देशों के कुछ ही दिनों में उक्त प्रपोजल स्वीकृत हुआ और मरीजों के परिजनों के ठहरने, रुकने, रात्रि विश्राम के लिए बनाया जा रहा रैन-बसेरा निर्माण कार्य



अब लगभग पूर्णता की ओर है।

### 80 बिस्तरीय है यह रैन बसैरा

गुणवत्तापूर्ण कार्य को देखते हुए नवीन जिला अस्पताल का निर्माण करने वाले मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग को ही उक्त कार्य का जिम्मा सौंपा गया था। करीब डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे इस दो मंजिला रैन-बसेरे में 80 मरीजों के परिजनों की रुकने की व्यवस्था रहेगी। इनमें 42 पलंग पुरुषों हेतु एवं 38 पलंग महिलाओं के लिए निर्धारित किए गए हैं। इस इमारत में चार बडे-बड़े हाल बनाए गए हैं जिनमें तमाम सुविधाएं भी रहेंगी।

### 2 प्रायवेट कक्ष भी रहेंगे

पूर्णता की ओर पहुंचे इस रैन-बसेरे में 2 प्रायवेट कक्ष भी बनवाए गए हैं। हालांकि, इन प्रायवेट कक्षों का किराया या शुल्क कितना रहेगा इस बारे में फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है। परन्तु बताया जा रहा है कि नामात्र शुल्क लेकर ये प्रायवेट कक्ष मरीजों के परिजनों को उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**खास-खास**

- लागत : डेढ़ करोड़ (लगभग)
- कहां बन रहा : पुराने डिलेवरी वार्ड के स्थान पर
- निर्माण एजेंसी : पुलिस हाउसिंग बोर्ड
- कितने बिस्तरीय : 80
- कार्यपूर्णता : फरवरी 2026

### किचन सहित अन्य फेसेलिटी भी उपलब्ध

इस रैन-बसेरे में मरीजों के परिजनों को उत्तम गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध करवाने किचिन का निर्माण भी पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही अधिक व्यक्तियों के लिहाज से शौचालयों की पूरी व्यवस्था का ध्यान यहां रखा गया है। पुलिस हाउसिंग के अधिकारियों की माने तो फरवरी में इस रैन-बसेरे को स्वास्थ्य विभाग के हैंडओवर कर दिया जाएगा।

### इनका कहना है...

निर्धारित अवधि में पूरी गुणवत्ता के साथ रैन-बसेरे का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। अगले एक या डेढ़ महीने में हम इसे विभाग को हैंडओवर कर देंगे।

**सुरेश रोहनकर**, एसडीओ, पुलिस हाउसिंग, भोपाल

# ओंकारेश्वर से प्रयागराज जा रहे महात्मा ने चिंता मणेश्वर महादेव में किया विश्राम

## देवकुआ समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर के दक्षिण दिशा में फोरलेन बाईपास के निकट स्थित श्री चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर देव कुआं मंदिर विकास समिति द्वारा हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों तथा संत महात्माओं के विश्राम के लिए सुलभ कांपलेक्स टीनसेड बाउंड्री वॉल सहित अन्य निर्माण कार्य जन सहयोग से कराया जा रहे हैं, ताकि लंबी दूरी के यात्री तथा संत महात्मा मंदिर परिसर में विश्राम कर सकें। सभी सुविधाओं को देखते हुए हाईवे से गुजरने वाले लंबी दूरी के यात्री तथा संत महात्मा यहां आकर विश्राम करने लगे हैं ट्रैक्टर ट्राली से ओंकारेश्वर से प्रयागराज जा रहे जूना अखाड़े के संत महाकाल पुरी महाराज शुक्रवार को चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में अल्प समय के लिए रुक कर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर विकास समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी नंदकिशोर सोनी राम नारायण टेटवाल नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा दिनेश राठौर सहित अन्य सदस्यों द्वारा संत महाकाल पुरी महाराज का स्वागत सत्कार कर उनके अल्पाहार की व्यवस्था की तथा महात्मा से सभी ने आशीर्वाद लिया महात्मा ने बताया कि उन्होंने एक हाथ ऊपर करके रखने का संकल्प लिया है जो जिंदगी भर जारी रहेगा। ऐसे विलक्षण एवं सिद्ध संत नगर में रुक यह नगर का बहुत बड़ा सौभाग्य है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के तहत कार्यक्रम हुआ



**जीरापुर।** शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जहां पर कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, कृतित्व एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर भाषण और कविता पाठ किया। इस अवसर पर अतिथि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा मंडल , पदाधिकारी उपस्थित रहे। पत्र के अनुसार कार्यक्रम में मंडल महामंत्री रमेशचंद शर्मा सहित जनप्रतिनिधि विधार्थी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सुशासन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों का महत्व , अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान स्वच्छता , पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित



**कुरावर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन, संघर्ष, नेतृत्व क्षमता एवं उनके राजनीतिक-सामाजिक योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में शिल्पा मीणा ने प्रथम, ज्योति राठौड़ ने द्वितीय एवं पूनम मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों ने अपने निबंध में अटल बिहारी वाजपेई को संघर्षशील एवं कुशल नेतृत्वकर्ता बताते हुए उनके कार्यों को प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर मीणा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्होंने देश को विकास की नई दिशा दी। मुख्य अतिथि एवं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोहर मंडलोई ने कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना जैसी अनेक मूलभूत योजनाएं अटलजी के कार्यकाल की देन हैं, जिनसे आज ग्रामीण क्षेत्रों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता घनश्याम गर्ग, लक्ष्मण सिंह राणा, विधानसभा प्रभारी प्रवीण गुर्जर एवं मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी रवि शर्मा ने किया।

## सौंधिया राजपूत समाज की खेल प्रतियोगिता आयोजित



**जीरापुर।** अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा की ब्लॉक स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता आवास स्टेडियम परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम का पूजन माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में अतिथि जिला महासचिव कनीराम पवांर, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह पवांर, कालुसिंह तोमर, विष्णुसिंह पवांर ,ईश्वरसिंह परमार, रमेशचंद्र पवांर, नारायणसिंह तोमर, गोविंदसिंह चैहान, गंगाराम परमार, कमलसिंह चैहान, कल्याण सिंह पवांर, दिनेश तोमर, मीडिया प्रभारी कुमेरसिंह पवांर उपस्थित रहे। नारायण सिंह तोमर ने बताया कि खेलो का जीवन मे अपना अलग महत्व है इससे खेल भावना से व्यक्ति को प्रतिस्पर्धा में आपसी भाव जागृत होते हैं। जहां पर विभिन्न खेल आयोजित हुए जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात दौड़ प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान कविता पीपल्दा, द्वितीय स्थान सुनीता पोलाखेड़ा, तृतीय स्थान रजनी रामपुरिया , रचना आदमपुरा , बालक वर्ग में प्रथम स्थान बलराम पोलाखेड़ा, द्वितीय स्थान लखन मैनाखेड़ी, तृतीय स्थान होकमसिंह देवरी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्लाक महासचिव बिरम सिंह पवांर,विधि सलाहकार दरियावसिंह सिसोदिया, जसवंत सिंह पवांर, कुमेरसिंह परिहार ,रघुवीरसिंह सोलंकी, रामेश्वर चैहान, राकेशसिंह सिसोदिया, खेल प्रमुख ईश्वरसिंह सिसोदिया, रामबाबू सिसोदिया, रामबाबू पवांर, ब्लॉक प्रभारी बीरमसिंह चौहान, अर्जुनसिंह पेंटर, खेल शिक्षक ईश्वर सिंह पवांर, अरविंद बंसल सहित बड़ी संख्या में बालक-बालिकाएं एवं समाज बन्धु उपस्थित हुए।

## कालापीपल में युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंका



**कालापीपल।** इंदौर में गंदे पानी से 16 बच्चों की मौत के विरोध में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया गया एवं मीडिया के सवाल पूछने पर मंत्री द्वारा पत्रकार से की गई अभद्रता की कड़ी निंदा करते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंचमुखी चौराहे पर मंत्री का पुतला जलाकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान समस्त कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंदौर की घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि दूषित पानी की आपूर्ति से लोगों की जाना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। उन्होंने कहा कि जब तक दूषित पानी की आपूर्ति लिए जिम्मेदार अधिकारियों और एजेंसियों पर कार्यवाही नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## एमएसएमई प्रोत्साहन योजना श्रद्धा कुमार ने स्थापित की बायोमास ब्रिकेट निर्माण इकाई



**ब्यावरा।** एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के तहत ग्राम बैरसिया निवासी श्रद्धा कुमार ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से स्थापित बायोमास ब्रिकेट निर्माण इकाई की स्थापना की। श्रद्धा कुमार बताती हैं कि उन्होंने इस परियोजना में लगभग एक करोड़ साठ लाख रुपए का निवेश किया है। साथ ही वह स्थानीय 10 बेरोजगार लोगों को रोजगार उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल मेरे उद्यम के विकास में सहायक सिद्ध हुई है। बल्कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को भी बढावा दे रही है। मैं इस योजना के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताना चाहती हूं जिनकी योजनाओं से हम आत्मनिर्भर बन आगे बढ़ रहे हैं।

## कुरावर में श्रीहरिकथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**कुरावर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान शाखा श्यामपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय श्रीहरिकथा कार्यक्रम का मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। शिव धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमी बन्धुओं और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कलश यात्रा श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद चन्द्रवंशी, पार्षद राजकुमार मीणा, अनिल दरबार, रवि जी, सुनील राज और बद्री मुनीम सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया और अंततः शिव मंदिर में संपन्न हुई।कथा व्यास साध्वी चित्रा भारती और भक्तिप्रभा भारती ने भगवान बुद्ध और सुतीक्ष्ण मुनि के कथा प्रसंग को भजनों के साथ सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा ने कथा का शुभारंभ किया। दूसरे दिन पूर्व विधायक गिरीश भंडारी, डॉ. रवीन्द्र मीणा, राजू चैकसे पार्षद और अन्य गणमान्य नागरिकों ने दीप प्रज्वलन किया। स्वामी महादेवानंद ने कथा स्टेज संचालन करते हुए सभी का हृदय से धन्यवाद किया।

## बासौदा में वर्ष का प्रथम शिविर आयोजित हुआ

**विदिशा।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत इस वर्ष का पहला शिविर बासौदा जनपद पंचायत क्षेत्र में आयोजित किया गया। यह शिविर ग्राम पंचायत बरखेड़ी त्योदा एवं चुल्हेटा ग्राम में एक साथ संपन्न हुए। शिविरों का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही आवेदनों का निराकरण किया गया। आधार, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, कृषि, पशुपालन, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान सुनिश्चित किया।




## 21 दिवसीय ध्यान साधना शिविर प्रारंभ

**ब्यावरा।** यह संसार एक परिवर्तनशील है जो नित नया परिवर्तन होता रहता है , (2025) हमें बहुत कुछ देकर गया लेकिन यह हमारे ऊपर निर्भर है कि हमने क्या खाया और क्या पाया , आज एक नया सवेरा लेकर (2026) के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारीज शहीद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र पर जनवरी माह में 21 दिवसीय ध्यान साधना आत्म-परिवर्तन, सकारात्मक सोच कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें नया संकल्प, नई चेतना और राजयोग के माध्यम से जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों के साथ जीने का आह्वान एवं मानसिक शांति के लिए ध्यान मेडिटेशन पर जोड़ दिया। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन बताया कि यह वर्ष नए संकल्पों और नई चेतना के साथ आगे बढ़ने का अवसर है ,जिसमें सोच और कर्म श्रेष्ठ होंगे। दिव्यता की ओर एक कदम आगे बढ़ाने का संदेश दिया। सेवाकेंद्र की सभी भाई बहनों ने मिलकर आत्म जागृति की दीप जलाई तथा 21 दिवसीय अखंड ध्यान साधना एवं मौन व्रत रखने का संकल्प लिया और लक्ष्मी दीदी ने सभी को चंदन का तिलक लगाकर पुष्प भेंट किया।

## कैरियर कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित हुए वार्षिक खेलकूद



**राजगढ़।** नगर के कैरियर कॉन्वेंट स्कूल में तीन दिवसीय सालाना खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। इस वर्ष की प्रतियोगिताएं 'जोश' टाईटल पर आयोजित की गई थी जिसमें विद्यालय की कथा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के अनेकों विद्यार्थियों ने अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल संचालक राकेश पांडे ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिताओं में रस्सा खेंच, गोला फेंक, जेवलिन थ्रो, इन एंड आउट, सिट एंड पास, लेमन रेस, बुक बैलेंस रेस, बैक रनिंग, पिट्टू रेस, चेयर रेस, स्टेडिंग खो, पेयर पशु सहित अन्य प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रत्येक कक्षा के खेल प्रभारी मनोज पुष्पद, मुकेश प्रजापति, प्रशांत वर्मा, सविता सक्सेना, रेखा सांकला, नीलू वर्मा, हिमानी सक्सेना, रानी खाने ने अपनी मेहनत से इन प्रतिस्पर्धाओं को सफल बनाया। प्रतियोतिओं के उपरान्त विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल संचालक डॉ. पांडे ने सभी बच्चों से कहा कि खेल शारीरिक, मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं।

## सेवा केंद्र पर 21 दिवसीय योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम का शुभारंभ

# तपस्या में समाया है हर समस्या का समाधान : ब्रह्माकुमारीज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

स्थानीय सेवा केंद्र सारंगपुर पर 21 दिवसीय विशेष योग तपस्या भट्टी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें ईश्वरीय परिवार के बहन-भाइयों ने संस्था के साकार संस्थापक अलौकिक पिता ब्रह्मा बाबा के आदर्शों और परमात्म शिक्षाओं को जीवन मे धारण करने हेतु स्वपुरुषार्थ और स्वस्थिति बनाने हेतु और विश्व मे वर्तमान में हो रही हलचल, दुख, अशांति में सर्व को शांति के प्रकम्पन्न फैलाने हेतु तपस्या करने के लिए संकल्पित किया। स्थानीय सेवा पर ब्रह्माकुमारी बहनों और अन्य सेवाकेंद्र के भाई- बहनों और माताओं ने दीप प्रज्वलित कर ईश्वरीय याद के साथ ष्मेरा उपहार मेरे बाबा कोष कार्यक्रम की शुरुआत की। दीदी ने योग तपस्या भट्टी में सम्मिलित होने वाले भाई-बहनों को तिलक देकर संकल्प कराया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति एवं प्रकृति, प्राणी, पंच तत्व एवं समस्त जनसमुदाय मे सुख शांति के प्रकम्पन फैलाना एवं सतयुगी सुखमयी दैवी स्वराज्य का आह्वान करना है। आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो जिसमें सब सुखी रहे, सब निरोग रहे, किसी को कोई दुख ना हो का सपना साकार रूप ले ले। इस हेतु दीदी ने सभी से आग्रह किया कि योग तपस्या भट्टी में सम्मिलित होकर अपने जीवन को सफल बनाएं।दीदी ने कहा कि बाबा जैसा हमको बनके दिखाना है और नवयुग,नववर्ष की सबको बधाई भी दी।इस अवसर पर संस्था के भाई-बहन उपस्थित रहे।

## स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंटः लाइगर क्लब और साईं अकादमी की धमाकेदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



शहर में आयोजित 33वीं स्वर्गीय राजेंद्र सिंह रघुवंशी स्मृति टेनिस बॉल 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। शुक्रवार, 2 जनवरी 2026 को पहले राउंड के दो मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया।

**पहला मैचः** लाइगर क्लब की आसान जीत। दिन का पहला मुकाबला लाइगर क्लब और जय माता दी क्लब के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लाइगर क्लब ने निर्धारित 8 ओवरों में अंकित के शानदार 29 रनों की मदद से 97 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी जय माता दी क्रिकेट क्लब की टीम दबाव में बिखर गई और पूरी टीम महज 66 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह लाइगर क्लब ने यह मैच 30 रनों के अंतर से जीत लिया।

**दूसरा मैचः** साईं क्रिकेट अकादमी और फैज फर्नीचर बरखेड़ी के बीच खेला गया। फैज फर्नीचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 77 रन बनाए, जिसमें फरदीन खान ने 16 गेंदों पर 38 रनों का योगदान दिया। 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साईं क्रिकेट अकादमी ने बेहद आक्रामक रुख अपनाया और मात्र 7.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया। साईं अकादमी के बादल बल्के ने 25 गेंदों में 60 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया कि टूर्नामेंट को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में अंपायर गौरव डागोरिया व संजीव धारू, स्कोरर लक्की छारी व चेतन व्यास और कमेंटेटर नीलेश रघुवंशी की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में सीहोर क्रांति पतंग उत्सव




**सीहोर।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आगामी 14 जनवरी को सीहोर में ऐतिहासिक और प्रेरक आयोजन होने जा रहा है। 1857 की क्रांति के वीर शहीदों की स्मृति में सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद समाधि स्थल पर सीहोर क्रांति पतंग महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य पतंगों के माध्यम से शहीदों के नाम और गौरव को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुँचाना है। सीहोर क्रांति पतंग महोत्सव के संयोजक आशीष गुप्ता ने बताया कि इस पतंगोत्सव में विशेष रूप से उज्जैन की कलात्मक पतंगें और बरेली का मशहूर मांझा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति ने तय किया है कि जो प्रतिभागी सबसे आकर्षक पतंग बनाकर लाएगा, उसे विशेष स्मृति चिह्न और प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले बच्चों के लिए समिति द्वारा निशुल्क पतंगों के वितरण की व्यवस्था की गई है। यह वितरण 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक सभी लोगों को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### ग्राम धर्मपुरी में 2 साल से खराब है ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रह रहे ग्रामीण

# एक साल पहले बिजली कंपनी को दिया था ट्रांसफार्मर, अब तक नहीं हुआ ठीक

गांव में लगे दो ट्रांसफार्मर में से एक खराब दूसरे पर लोड़ ज्यादा होने से लो वोल्टेज के कारण नहीं मिल पा रही पर्याप्त बिजली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज

प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव प्रदेश भर में 24 घंटे बिजली देने का वादा करते हैं। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को पर्याप्त बिजली ही नहीं मिल पा रही है। ग्राम पंचायत सिद्धीगंज के अंतर्गत ग्राम धर्मपुरी आता है, ग्राम धर्मपुरी में लगभग 150 परिवार रहते हैं। जिसमें ग्राम में एक हजार के लगभग जनसंख्या है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि ग्राम धर्मपुरी में लगभग 2 वर्ष पहले ग्राम में रखा ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग में जाकर जिसकी शिकायत व आवेदन दे चुके कि हमारे ग्राम का ट्रांसफार्मर जल्दी सही किया जाए। जिससे हम ग्रामवासियों को पर्याप्त बिजली मिल सके। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया। वही जब ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई तब जाकर लगभग 1 वर्ष पहले बिजली विभाग द्वारा ग्रामीणों से बोला गया कि आप ग्रामीण मिलकर ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग सिद्धि गंज लेकर आ जाओ दो या तीन दिन मे चालू ट्रांसफर दे दिया जाएगा। जल्द ही बिजली चालू कर दी जाएगी। वही ग्रामीणों द्वारा 1 वर्ष पहले ट्रांसफार्मर उतार कर बिजली विभाग सिद्धीगंज में जमा कर दिया गया। पर अभी तक बिजली विभाग द्वारा ग्राम धर्मपुरी में चालू ट्रांसफर नहीं रखा गया। जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में अपना जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि हमारे ग्राम में शासकीय माध्यमिक शाला है वही बोर्ड की परीक्षा नजदीक है। ग्राम में कई बालक बालिकाएं बोर्ड की परीक्षा में अध्ययन करते हैं।



जिन्हें रात्रि में पढ़ने लिखने में ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम के किशन लाल, कृपाल सिंह, संतोष, भूरूलाल, प्रकाश, बद्री लाल, पदम सिंह, जीवन सिंह, घीसुलाल ,देवीलाल, लालजी राम, हीरालाल, रामचरण, रामप्रसाद, रमेश चंद, राकेश, अंबाराम, सीताराम, सिद्धू लाल, अजय सिंह, रवि, राजकुमार, रोहित, जीवन सिंह, बाबूलाल, आत्माराम, नारायण सिंह, मेहरबान सिंह, फूल सिंह, शिवचरण, राजकुमार, जगदीश प्रसाद आदि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि हम समस्त ग्राम के लोग काफी परेशान है। हमारे ग्राम का ट्रांसफार्मर 2 वर्ष पहले खराब हो गया था। जिसका अभी तक बिजली विभाग द्वारा हमारे ग्राम में ट्रांसफार्मर नहीं रखा। जिसके कारण हम ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम में दो ट्रांसफार्मर है, जिसमें एक ट्रांसफार्मर तो दो वर्ष पहले खराब हो चुका था और एक ट्रांसफार्मर है वह भी अधिक लोड होने के कारण बार-बार खराब हो जाता है। जिससे हमारे गांव में व घरों में आधे दिन बिजली रहती है। और आधे दिन नहीं रहती है। जिससे हम सभी ग्राम के लोग भी परेशान हैं।

बिजली विभाग द्वारा हम लोगों को मनमाना बिल थमा रहे हैं। बिजली विभाग इस ओर क्यों ध्यान नहीं दे रहा है। मामले को लेकर बिजली विभाग सिद्धिगंज के जेई मनीष अग्रवाल ने बताया कि कुछ लोगों पर बिजली बकाया है। इस कारण ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा है। बिजली बिल जमा करने पर ट्रांसफार्मर रख दिया जाएगा।

# ढाबों पर डीजल का अवैध भंडारण और क्रय-विक्रय को लेकर की कार्रवाई

### दो हजार लीटर डीजल किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

भोपाल-देवास राजमार्ग पर डोडी घाटी के पास नाहर नाली फूडरा के ढाबों पर डीजल का अवैध भंडारण और क्रय-विक्रय की गतिविधि पाए जाने पर तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा ने कार्रवाई की। शुक्रवार को दोपहर से रात तक चली कार्रवाई में तहसीलदार ने राकेश पिता आत्माराम, अनिल पिता छगनलाल, गोविंद पिता बोंदा, राज पिता जगदीश, आकाश पिता लखनलाल, मानसिंह पिता कन्हैयालाल, पंकज पिता लखन, जयपाल पिता कन्हैयालाल सभी निवासी ग्राम फूडरा तहसील जावर के कब्जे से लगभग 2005 लीटर डीजल जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 185000 रुपए है। इस कार्यवाही में पटवारी शुभम वर्मा, डोडी चौकी प्रभारी दिनेश यादव, पुलिस और कोटवार उपस्थित रहे।



# श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर के शास्त्री स्कूल स्थित परसराम कॉम्प्लेक्स में जिला कुशवाहा समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) के कार्यालय पर 3 जनवरी को देश की प्रथम महिला शिक्षिका, नारी शिक्षा की प्रणेता, ज्ञान की देवी एवं मातृशक्ति को शिक्षा का अधिकार दिलाने वाली सावित्रीबाई फुले जी की 195वीं जन्म जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं प्रेरणादायी वातावरण में मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कुशवाहा समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा द्वारा सावित्रीबाई फुले जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनके चरणों में नमन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी केवल एक महान व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि नारी जागरण, सामाजिक समानता और शिक्षा क्रांति की सशक्त प्रतीक थीं। जिस युग में बालिकाओं की शिक्षा को अपराध माना



जाता था, उस समय उन्होंने समाज की कुरीतियों, अपमान और विरोधों का सामना करते हुए महिलाओं एवं वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खोले। आज महिलाओं की प्रगति और आत्मनिर्भरता की जो मजबूत नींव दिखाई देती है, वह सावित्रीबाई फुले जी के संघर्षों का ही परिणाम है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में जिला एवं तहसील स्तर पर सावित्रीबाई फुले जयंती के आयोजन किए जा रहे हैं, ताकि समाज, विशेषकर युवा वर्ग और बालिकाएं, शिक्षा के महत्व को समझें और महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लें। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सावित्रीबाई फुले जी के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने न केवल बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया, बल्कि विधवा पुनर्विवाह, छुआछूत उन्मूलन और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध भी निर्भीक होकर संघर्ष किया। वे वास्तव में समाज सुधार की अग्रदूत थीं।

इस अवसर पर पटेल जगदीश कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष रवि कुशवाहा, आष्टा तहसील अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष गोपाल कुशवाहा, पूर्व पटेल किशोरीलाल कुशवाहा, मातृशक्ति पार्वती परसराम कुशवाहा, गीता नरेंद्र कुशवाहा, सुनील कचनेरिया, मां पार्वती धाम गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, राज कुशवाहा, शुभम कुशवाहा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों ने संकल्प लिया कि सावित्रीबाई फुले जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता को बढ़ावा दिया जाएगा तथा बालिका शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद), जिला अध्यक्ष कुशवाहा समाज सिहोर द्वारा सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया।

# सीहोर टैक्स लॉ बार की कार्यकारिणी की हुई घोषणा, सुमित झंवर सचिव महेंद्र ठाकुर बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर






सीहोर टैक्स लॉ बार के नव नियुक्त अध्यक्ष अभिषेक सुराणा ने संस्था की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। संस्था के संरक्षक के रूप में वरिष्ठ कर सलाहकार निर्मल रांका एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए सुशील मंत्री को मनोनीत किया गया है। घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सीए महेंद्र ठाकुर, सचिव पद पर सीए सुमित झंवर, कोषाध्यक्ष के रूप में श्री अंकुश जैन तथा संयुक्त सचिव के पद पर मयंक तिवारी को मनोनीत किया गया है। इसके अतिरिक्त अजय सक्सेना, श्याम सुंदर मंत्री, सीए अजाप पंवार, अरविंद जैन एवं श्री आयुष जैन को कार्यकारिणी सदस्य (एग्जीक्यूटिव मेंबर) नियुक्त किया गया है। नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को शैलेंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण मोहता, महेश वर्मा, सीए शरद राजोरिया, शैलेंद्र जैन, योगेश मेहता, दिलीप जैन, सुमित जैन, चंद्रप्रकाश बर्मन, अंकित जैन, सीए विवेक प्रजापति, सीए श्रेयांस बनवट, सीए संकल्प अग्रवाल, पीयूष चौरसिया सहित अन्य सदस्यों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि नवगठित कार्यकारिणी एकजुट होकर कार्य करते हुए टैक्स लॉ बार, सीहोर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी।

### बाउंड्री कार्य के कारण खेतों में जाने का रास्ता बंद हो जाएगा




**सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित जमुनिया तालाब गांव के पास केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) का एक नया रिजर्व बटालियन कैंप निर्माणाधीन है। सीआइएसएफ बटालियन द्वारा बाउंड्री कार्य के कारण खेतों में जाने का रास्ता बंद हो जाएगा। इसको लेकर सरपंच प्रतिनिधि राकेश मेवाड़ा का 30 से अधिक किसानों ने चर्चा की थी, इसके पश्चात किसानों का ग्राम पंचायत ने आवेदन बनाकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर गुहार लगाऐंगे कि तत्काल बाउंड्री का कार्य रूकवाया जाए। ज्ञापन में किसानों ने उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत जमोनिया तालाब मे शासन द्वारा लगभग 100 एकड जमीन आवंटित की है उक्त भूमि पर सीआइएसएफ द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त बाउण्ड्रीवाल से बाउण्ड्री के दूसरी तरफ लगभग 30 किसानो का रास्ता पूरी तरह बंद हो जावेगा। जिससे हम किसानो का अपने खेत पर पहुंचना संभव नही हो पाएगा। वर्तमान मे उक्त रास्ते के अलावा अन्य कोई रास्ता नही है। जिससे की भूमि पर पहुंचा जा सके। उक्त आवेदन पत्र को स्वीकार कर मौके की जाँच कराई जाकर उक्त रास्ते पर हो रहे बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य को रूकवाने की कृपा करे। ताकि पूर्वानुसार हम कृषक अपनी भूमि पर पहुंच सके।

### शहर कांग्रेस कमेटी ने किया वरिष्ठ कांग्रेसजनों के घर-घर पहुंचकर सम्मान



**सीहोर।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में घर-घर पहुंचकर कांग्रेस परिवारों का सम्मान कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके प्रथम दिवस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमदीप राठौर, राममूर्ति शर्मा, डॉ. बालवीर तोमर, मूलचंद राठौर, महेश दयाल चौरसिया, दर्शन सिंह वर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, राजाराम बड़े भाई, श्रीमती सविता राठौर, जुझारसिंह पटेल, ओमकार यादव आदि को अंगवस्त्र भेटकर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। शहर कांग्रेस की इस पहल की सभी कांग्रेसजनों ने सराहना की। इस मौके पर श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की रिती निती अनुसार वरिष्ठजनों का सम्मान ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है, कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही देश के विकास और हर वर्ग के विश्वास के संकल्प के साथ कार्य करती है। इसी के तहत हमारे द्वारा शहर में वरिष्ठजनों का सम्मान अभियान अभियान चलाया जा रहा है और कांग्रेस के आगामी कार्यक्रम के विषय में चर्चा की एवं सभी वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर घनश्याम यादव, विवेक राठौर, हफीज चौधरी, सुनील दुबे, मुकेश ठाकुर, कमलेश चाण्डक, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, राधेश्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन मन की चंचलता पर हुए प्रवचन, श्रद्धालु हुए शामिल

# जो व्यक्ति अपने मन को जीत लेता है, वही विजेता: गोविंद जाने





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस पर संत गोविंद जाने महाराज के प्रवचनों को सुनने के लिए हजारों श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंचे। तीसरे दिन कथा का मुख्य विषय मन की चंचलता और उस पर विजय रहा।

संत श्री ने कहा कि जो व्यक्ति अपने मन को जीत लेता है, वही सच्चा विजेता होता है। वेदों में मन को मित्र और शत्रु दोनों बताया गया है। मन घोड़े के समान होता है, जिस पर जिसने लगाम लगा ली, वह जीवन के मार्ग से कभी नहीं भटकता। उन्होंने कहा कि मन को मंत्रमय और मधुर बनाना ही मानव जीवन की सबसे बड़ी साधना है। गुरुदेव ने कहा कि जब मन पर विकारों का अधिकार हो जाता है, तब बीमारी, कर्ज, अहंकार, मोह और कुकर्म बढ़ने लगते हैं।

रामायण को जीवन की पुस्तक बताते हुए उन्होंने कहा कि उसके आदर्शों को व्यवहार में उतारने से घर अयोध्या बन जाता है। गो-सेवा, सद्विचार, अच्छे संस्कार और राष्ट्रप्रेम से परिवार में सुख-शांति आती है।उन्होंने कहा कि घर को मरघट नहीं, संस्कारों का मंदिर बनाएं। जब घर में प्रेम, समर्पण और सदाचार होता है, तब राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न जैसा भाईचारा स्वतः विकसित होता है। जिस घर का धन धर्म, कथा, मंदिर और गौ-सेवा में लगता है, वह घर स्वर्ग समान हो जाता है।संत श्री ने समाज में एकता का संदेश देते हुए कहा कि जिस दिन समस्त हिंदू समाज जात-पात से ऊपर उठकर एक हो जाएगा, उस दिन कथाओं की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने नारी शक्ति की महत्ता बताते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा सर्वोपरि है, दहेज में कमी चलेगी लेकिन शिक्षा में नहीं, क्योंकि बेटी दो परिवारों को संस्कार और शिक्षा देती है।

आयोजित हुए कार्यक्रम के अंत में आष्टा सकल समाज के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों द्वारा संत श्री गोविंद जाने जी महाराज का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रूपेश राठौर, संयोजक डॉ. मनोज नागर, बंटी मेवाड़ा, जगदीश चौहान, राजा मेवाड़ा, चेतन वर्मा, मीडिया प्रभारी जुगल पटेल, चेतन सिंह ठाकुर, सरपंच जितेंद्र सितोलिया, धीरज पटेल, जाताल सिंह, नानूराम मेवाड़ा, शैलेंद्र राजपूत, रघुवीर चौहान, सुभाल सिंह ठाकुर, चंदर ठेकेदार, मयूर नागर, नगर पालिका अध्यक्ष हैम कुंवर मेवाड़ा, संध्या बजाज, भगवती सोनी, मंजू राठौर, ललित नागोरी, देवी सिंह परमार, राकेश सुराणा, कमल सिंह चौहान, वीरेंद्र राठौर, जीवन सिंह मंडलोई, लता मुकाती, कृपाल सिंह पटड़ा, मेहरबान सिंह, सुनील शेट्टी, सुनील फरेला, गजराज सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला भाजपा के नव दायित्ववान पदाधिकारियों ने शिवराजसिंह से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

सीहोर जिला भाजपा की घोषित हुई जिला कार्यकारिणी में आष्टा विधानसभा क्षेत्र से लिये गये पदाधिकारियों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान से भोपाल पहुच कर भेंट कर उनका आशीर्वाद ले कर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने शिवराजसिंह चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में पहुंचे जिला पदाधिकारी धारासिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष, अतुल शर्मा जिला उपाध्यक्ष, तारा कटारिया जिला महामंत्री, गिरजा कुशवाह जिला सह कार्यालय मंत्री ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर चौहान का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील परमार, कमलेश विश्वकर्मा ने भी श्री चौहान का स्वागत किया।